उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 16 अग्रहायण, शक संवत्, 1939

( दिनांक : 07 दिसम्बर, 2017 )

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी "क")।
2. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "ख")
3. प्रश्न (देखिए नत्थी "ग")
4. निधन के निदेश।
5. शहरी विकास मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन), अध्यादेश, 2017 को सदन के पटल पर रखेंगे।
6. आबकारी मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002)(संशोधन), अध्यादेश, 2017 को सदन के पटल पर रखेंगे।
7. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2017 के द्वितीय सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।
8. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के षोडश वार्षिक प्रतिवेदन(दिनांक 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2017 तक) को सदन के पटल पर रखेंगे।
9. वन मंत्री, उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम, 1974 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) के अध्याय-5 के धारा 26 (1) के प्राविधानानुसार उत्तराखण्ड वन विकास निगम के वर्ष 2011-12, 2012-13 एवं 2013-14 के आर्थिक चिटठे के प्रतिवदेन सदन के पटल पर रखेंगे।
10. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-104 (4) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के वार्षिक लेखा विवरण को सदन के पटल पर रखेंगे।
11. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-105 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 की वार्षिक रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेंगे।

12. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-182 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के विनियमनों का संकलन भाग-9 को सदन के पटल पर रखेंगे।

13. सचिव, विधान सभा उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2017 को उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 152(2) के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार हेतु लौटाये गये विधेयक को सदन के पटल पर रखेंगे।

14. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

(1) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 15 जून, 2017 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 27 जून, 2017 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2017 का सातवाँ अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 01 मई, 2017 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 29 जून, 2017 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2017 का आठवाँ अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 12 जून, 2017 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 30 जून, 2017 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2017 का नौवाँ अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड माल एवं सेवाकर (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 15 जून, 2017 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 30 जून, 2017 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2017 का दसवाँ अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड भूगर्भ जल (विकास एवं प्रबन्धन का विनियमन एवं नियंत्रण) (निरसन) विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 15 जून, 2017 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 30 जून, 2017 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2017 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 08 जून, 2017 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 30 जून, 2017 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2017 का बारहवां अधिनियम बन गया।

15. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

16. श्री गणेश जोशी, सदस्य, विधान सभा "जनपद देहरादून के ग्राम-पंचायत सेरागांव के अन्तर्गत रा0प्रा0वि0 चौकी चुंगी चामासारी के क्षतिग्रस्त भवन के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री कृपाल जवाड़ी रतन, ग्राम-सेरागाँव, पो0-सहस्त्रधारा, जनपद देहरादून, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेगें।

17. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधान सभा के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर में थापला-सूरीधार से मसराना-सुवाखोली तक मोटर-मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री गोविन्द सिंह असवाल, ग्राम-कफुल्टा, पो0-थत्युड़, विकासखण्ड जौनपुर, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधान सभा के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर के मोलधार से चापड़ा तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री वैजराम थपलियाल, ग्राम-पापरा, पो0-थत्युड़, विकासखण्ड जौनपुर, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर के भीमल की चलोठी के पास पैदल झूला-पुल निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सोबत सिंह रावत, ग्राम-लगड़ासू, पो0-बंगार, विकासखण्ड जौनपुर, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर में ओंतण से नागटिब्बा-पन्तवाड़ी तक मोटर-मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री गुरू प्रसाद लेखवार, ग्राम-ओंतण, पो0-बंगशील, विकास खण्ड जौनपुर, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य,विधान सभा "विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड जौनपुर अन्तर्गत काण्डी-सड़ब लिफ्ट पम्पिंग योजना निर्माण के सम्बन्ध में" श्रीमती बविता नेगी, सदस्य जिला पंचायत बार्ड बंगलों की काण्डी जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा "विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार के ग्राम डोबन-सरोट में लिफ्ट सिंचाई योजना निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सुन्दर सिंह राणा पु0 श्री राम चन्द्र राणा, ग्राम डोवन पो0 सरोट तहसील कण्डी सौड़ जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, "जनपद टिहरी गढ़वाल विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार के अन्तर्गत ग्राम कण्डीसौड़-बल्डोगी पैदल झूलापुल निर्माण के सम्बन्ध में" विधान सभा श्री बुद्धि सिंह बिष्ट, सदस्य क्षेत्र पंचायत धरवालगांव तहसील कण्डीसौड़ जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा में नगर पंचायत झबरेड़ा में सीवर प्लान्ट लगाये जाने के सम्बन्ध में" श्री यशपाल सैनी कस्वा झबरेड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार में विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत नगर पंचायत झबरेड़ा में कूड़ा निस्तारण हेतु भुमि उपलब्ध कराकर कूड़ा निस्तारण यंत्र लगाये जाने के सम्बन्ध में" श्री कुलदीप सैनी पूर्व सभासद नगर पंचायत झबरेड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार में विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत सलेमपुर राजपुताना में जल भराव की समस्या के निदान के सम्बन्ध में" श्री राहुल सैनी, सलमपुर राजपुताना, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार में झबरेड़ा विधान सभा के नगर पंचायत झबरेड़ा में सरकारी अस्पताल के निर्माण व संचालन किये जाने के सम्बन्ध में" श्री विनोद कुमार, झबरेड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

28. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा वं नगर पंचायत झबरेड़ा को ब्लाक/विकास खण्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री कुलदीप सैनी, पूर्व सभासद नगर पंचायत झबरेड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

29. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार में झबरेड़ा विधान सभा के अन्तर्गत भगतोवाली में पानी की टंकी और खाले की सफाई के सम्बन्ध में" श्री दिनेश पालीवाल ग्राम झबरेड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

30. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार में झबरेड़ा विधान सभा के अन्तर्गत नगर पंचायत झबरेड़ा में रोडवेज बस अड्डा के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री दिनेश पालीवाल कस्बा झबरेड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

31. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा में राजकीय कन्या डिग्री कालेज खोले जाने के सम्बन्ध में" श्री विश्वनाथ सैनी कस्बा झबरेड़ा, एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

32. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा " जनपद टिहरी गढ़वाल के टिहरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बौराड़ी स्टेडियम नई टिहरी के आधे-अधूरे निर्माण को पूरा किये जाने के सम्बन्ध में " श्री विक्रम सिंह कठैत, जे-ब्लाक नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

33. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जाखणीधार-गराकोट-पौड़ीखाल निरालीधार-दपोली-केलाण, टिहरी-काण्डी खाल, तोली-भरेटीधार, छेटी-काण्डाडागी-मरोड़ा, अंजनीसैण- बैसोली- कपरियाणी सैण, जीरोब्रिज-सैण-पिपोला-चोपड़ाइत्यादि मोटर -मार्गो के सड़क कटाव के प्रतिकर भुगतान दिए जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती बेबी असवाल, ब्लाक प्रमुख जाखणीधार, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

34. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा" जनपद टिहरी गढ़वाल के टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत रानीचौरी पर्वतीय परिसर के कैम्पस कालेज को पूर्व की भांति संचालित किये जाने के सम्बन्ध में" श्री विजय सिंह नेगी, ग्राम-डारगी, पो0-रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

35. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा"जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम इब्राहिमपुर में आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सुरेन्द्र प्रधान, ग्राम-इब्राहिमपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

36. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम खरकड़ी दयाला में आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सुरेश, ग्राम-खरकड़ी दयाला, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

37. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा" जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम सढ़ौला में, सढ़ौला माजरा की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री ईश्वर सिंह, ग्राम-सढ़ौला माजरा, पोस्ट-मखदुमपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

38. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम मतलबपुर, विकास क्षेत्र रुड़की की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सचिन, ग्राम-मतलबपुर, पोस्ट-रुड़की, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

39. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा'' जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम भगतोवाली की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री अहसान अली, ग्राम-भगतोवाली, पोस्ट-खास, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

40. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत शहर झबरेड़ा में 11के0वी0 विद्युत-लाइन को भूमिगत किए जाने के सम्बन्ध में'' श्री रमेश चौधरी, कस्बा-झबरेड़ा, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

41. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा '' जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-मुलेवाला की आन्तरिक सड़कों के निर्माण किए जाने के सम्बन्ध में'' श्री ऋषिपाल, ग्राम-मुलेवाला, पोस्ट-इकबालपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

42. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा '' जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत विकास क्षेत्र नारसन, के ग्राम-उदलहेड़ी में चकबन्दी किये जाने के सम्बन्ध में '' श्री सूर्यवीर मलिक, ग्राम-उदलहेड़ी, विकासखण्ड-नारसन, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

43. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा '' जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-सुसाड़ी खुर्द (गोकलपुर), की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री शिव कुमार, ग्राम-सुसाड़ी खुर्द (गोकलपुर), पोस्ट-लखनौता, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

44. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा '' जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-भिस्तीपुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में '' श्री सुखपाल सिंह, ग्राम-भिस्तीपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

45. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा '' जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-सालियर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री महेन्द्र सैनी, ग्राम-सालियर, पो0-खास, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

46. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-कोटवाल आलमपुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' डा0 तेजपाल, ग्राम-कोटवाल आलमपुर, पोस्ट-खास, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

47. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा'' जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-मखदुमपुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में '' श्री भुपेन्द्र चौधरी, ग्राम-मखदुमपुर, पोस्ट-खास, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

48. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा '' जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम- खुण्डेवाली, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में '' श्री ब्रह्म सिंह, ग्राम-खुण्डेवाली, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

49. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम- माधोपुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री मांगेराम, ग्राम-माधोपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

50. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-शाहपुर साल्हापुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री बलजीत, ग्राम-शाहपुर साल्हापुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

51. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-हरजौली झोझा , की आन्तरिक सड़कों के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री मुर्सलीन, ग्राम-हरजौली झोझा, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

52. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-पाड़ली गेंदा, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री शमशाद, ग्राम-पाड़ली गेंदा, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

53. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-हथियाथल, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में " श्री धारा सिंह, ग्राम-हथियाथल, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

54. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-धर्मपुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में " श्री उदय सिंह, ग्राम-धर्मपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

55. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-अकबरपुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री जाति राम, ग्राम-अकबरपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

56. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-लाठरदेवा शेख, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में " श्री जावेद, ग्राम-लाठरदेवा शेख, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

57. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-बुडपुर चौहान, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में " श्री विश्वास चौधरी, ग्राम-बुडपुर चौहान, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

58. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-झबरेड़ा कला, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री रणतेश चौधरी, ग्राम-झबरेड़ा कला, पो0-झबरेड़ा जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

59. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा" जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-शेरपुर खेलमऊ, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मनोज चौधरी, ग्राम-शेरपुर खेलमऊ, पो0-खास जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

60. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा" जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-लोदीवाला की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में " श्री चंद्रपाल, ग्राम-लोढ़ीवाला, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

61. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-रामनगर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री कुलदीप चौधरी, ग्राम-रामनगर, पो0-खास, विकासखण्ड नारसन, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

62. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा" जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-खाताखेड़ी, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में " मो0 गुफरान, ग्राम-खाताखेड़ी, पो0-इकबालपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

63. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा" जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम- नन्हेड़ा, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में " श्री आर्यन त्यागी, ग्राम-नन्हेड़ा, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

64. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-नगलाकुबड़ा, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री जय कुमार, ग्राम-नगलाकुबड़ा, पो0-इकबालपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

65. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा " जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-लाठरदेवा शेख, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री वेदप्रकाश, ग्राम-लाठरदेवा शेख, पो0-इकबालपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

66. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-हीराहेड़ी, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" डा0 अर्जुन, ग्राम-हीराहेड़ी, पो0-इकबालपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

67. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम-तांशीपुर में नहर की पट्टी (किनारा) तक सड़क मरम्मत के सम्बन्ध में" श्री मनमोहन त्यागी, ग्राम-तांशीपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

68. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-लोदीवाला में सेवा के मकान से शेरसिंह के मकान तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री चन्द्रपाल, ग्राम-लोदीवाला, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

69 श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम- इब्राहिमपुर में शमशान घाट की बाउन्ड्री-वाल, छतरी और सोलर लाइट निर्माण के सम्बन्ध में" श्री रवि, ग्राम-इब्राहिमपुर, पो0-सालियर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

70 श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम- झबरेड़ी खुर्द में शमशान घाट की छतरी व बारात घर की चार-दीवारी के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री राहुल, ग्राम-झबरेड़ी खुर्द, पो0-झबरेड़ा, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

71. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-सरकड़ी ताहरपुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री दानिश, ग्राम-सरकड़ी ताहरपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

72. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम- सुल्तानपुर साबतवाली में रफल के मकान से धीर सिंह के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री महीपाल, ग्राम--सुल्तानपुर साबतवाली, पो0-झबरेड़ा, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

73. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-रसूलपुर की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मजाहिर, ग्राम-रसूलपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

74. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-तांशीपुर, की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री रूपचन्द, ग्राम-तांशीपुर, पो0-खास, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

75. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा" जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ग्राम-कमेलपुर की आन्तरिक सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में " श्री असलम, ग्राम-कमेलपुर, जिला हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

76. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

77. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

78. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

79. श्रम, सेवायोजन मंत्री, उत्तराखण्ड दुकान और स्थापन (रोजगार विनियमन और सेवा-शर्त) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

80. श्रम, सेवायोजन मंत्री, उत्तराखण्ड दुकान और स्थापन (रोजगार विनियमन और सेवा-शर्त) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

81. अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री, उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

82. अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री, उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

83. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

84. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

85. पर्यटन मंत्री, सराय अधिनियम (निरसन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

86. पर्यटन मंत्री, सराय अधिनियम (निरसन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

87. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्षित परिदान) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

88. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्षित परिदान) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

89. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

90. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

91. पर्यटन मंत्री, सराय अधिनियम (निरसन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

92. पर्यटन मंत्री, सराय अधिनियम (निरसन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

93. आबकारी मंत्री, उत्तराखण्ड (उ0प्र0संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

94. आबकारी मंत्री, उत्तराखण्ड (उ0प्र0संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

95. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"घ"**)

96. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

97. उच्च शिक्षा मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आवासीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2017 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

98. उच्च शिक्षा मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आवासीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2017 पारित किया जाय।

99. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण विधेयक, 2017 जो प्रवर समिति द्वारा यथा संशोधित किया गया है, पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

100. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण विधेयक, 2017 जो प्रवर समिति द्वारा यथा संशोधित किया गया है, पारित किया जाय।

(समय : अपराह्न 04:00 बजे)।

101. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2017-18 की अनुपूरक अनुदान मांगें प्रस्तुत करेंगे।

102. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

गैरसैंण (भराड़ीसैंण)
दिनांक : 06 दिसम्बर, 2017

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र-ज्योत्सना-पुलकित-यामिनीम्

फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## गुरूवार, 16 अग्रहायण, शक संवत्, 1939

## ( दिनांक : 07 दिसम्बर, 2017 )

## नत्थी 'ख'

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री हरभजन सिंह चीमा
03.11.2017

शिक्षा

** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विद्यालयों में वर्ष 2006 से अब तक बी0पी0एड0 प्रशिक्षित डिग्रीधारियों को नियुक्ति दी गई है? यदि हां, तो क्या सरकार नियुक्ति पाने वाले प्रशिक्षित बी0पी0एड0 डिग्रीधारकों की जिलेवार सूची उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो इतने लम्बे समय से प्रशिक्षित बेरोजगारों को किन कारणों के तहत नियुक्ति नहीं दी गई है और क्या सरकार इस बात से भी भिज्ञ है कि नियुक्ति प्रक्रिया बन्द होने से प्रशिक्षित बेरोजगार आयु सीमा अधिक होने की स्थिति में रोजगार पाने के अधिकार से वंचित हो जाएगें? यदि हां, तो इस समस्या के समाधान हेतु क्या सरकार बी0पी0एड डिग्रीधारकों को नियुक्ति दिए जाने की प्रकिया प्रारम्भ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री देशराज कर्णवाल
06.11.2017

चिकित्सा

** क्या चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या राज्य में यू–हेल्थ कार्ड योजना उत्तराखण्ड सरकार कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए लागू की गई है? क्या इसके अन्तर्गत कर्मचारियों के वेतन से 0.75 प्रतिशत एवं पेंशनर्स के वेतन से 0.50 प्रतिशत अंशदान की कटौती की जाएगी? क्या इस योजना को पूरे राज्य में लागू कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

## नत्थी "ग"

### तारांकित प्रश्न

श्री हरीश सिंह

31.07.2017

*1. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धारचूला के दूरस्थ गांवों में स्थापित विद्यालयों में जहाँ पर छात्र संख्या 10 से कम है, वहाँ न्यूनतम छात्रों के विद्यालय से शिक्षकों को स्थानान्तरित किया जा रहा है? यदि हां तो क्या मंत्री जी अवगत है कि पर्वतीय क्षेत्रों में एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय की दूरी अधिक होने के कारण छोटे बच्चे 3 से 5 कि0मी0 की दूरी पर स्थित विद्यालय तक पहुंचने में असमर्थ होने के कारण उनके शिक्षा ग्रहण पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार पर्वतीय भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत बच्चों के भविष्य को देखते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में स्थापित विद्यालय मे प्रति छात्र पर अध्यापक की तैनाती के मानक में संशोधन/शिथिलीकरण पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? **शिक्षा**

श्री भरत सिंह चौधरी

31.07.2017

*2. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि रूद्रप्रयाग जनपद के विकास खण्ड जखोली के रा0इ0का0 तिलकनगर सुमाड़ी का भवन वर्ष 2013 की आपदा में पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण छात्रों के पठन–पाठन में अत्यन्त कठिनाई हो रही है तथा पूर्ण रूप से अस्थाई टिन सेट के नीचे पठन--पाठन चल रहा है? क्या सरकार उक्त विद्यालय के क्षतिग्रस्त भवन को यथाशीघ्र बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? **शिक्षा**

श्री प्रीतम सिंह पंवार

03.08.2017

*3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में माध्यमिक विद्यालयों के लिए भवनों के मानक क्या है? कुल कितने विद्यालयों में भवन मानक के अनुरूप है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि जिन विद्यालयों के मानकों के अनुरूप भवन नहीं है उनके भवन निर्माण के लिए सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? **शिक्षा**

श्री प्रीतम सिंह पंवार

03.08.2017

*4. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में शौचालयों का निर्माण करा लिया गया है? उनकी संख्या क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ऐसे सभी शौचालयों में जल संयोजन करा लिये गये है? यदि हां, तो कितने? यदि नहीं, तो क्यों, **शिक्षा**

श्री प्रीतम सिंह पंवार

03.08.2017

*5. क्या पंचायती मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य भर की ग्राम पंचायतों के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस व प्रभावी योजना संचालित किये जाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो उस योजना/परियोजना तथा कार्यक्रम का स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? **पंचायतीराज**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>08.08.2017 | *6. | क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि प्रदेश में दुग्ध संघो द्वारा प्रतिदिन दुग्ध सहकारी समितियों से दूध लिया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि दुग्ध संघो द्वारा प्रतिदिन कितना दूध जनपदवार लिया जाता है तथा इसकी विपणन की व्यवस्था क्या है? सरकार द्वारा दुग्ध संघो हेतु कौन–कौन सी योजनाऐं वर्तमान में संचालित हो रही है? क्या यह सत्य है कि प्रदेश के घाटे में चल रहे दुग्ध संघ हेतु सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **दुग्ध विकास** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.08.2017 | *7. | क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मान्यता प्राप्त खेल संघो को अपने वार्षिक कियाकलाप चलाने हेतु वार्षिक अनुदान की व्यवस्था है? यदि नहीं, तो क्या सरकार खेल संघों को वार्षिक अनुदान देने पर विचार कर रही है? | **खेल** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.08.2017 | *8. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शारीरिक शिक्षा को स्कूली पाठ्य कम में शामिल करने का विषय सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती ममता राकेश<br>17.08.2017 | *9. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्यालयी शिक्षा विभाग में समूह 'ख' एवं 'क' के कुल कितने पद सृजित है एवं इन पदो के सापेक्ष अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कितने पदों को भरा गया है एवं कितने पद रिक्त है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ऐसे रिक्त पदों को न भरे जाने का क्या कारण एवं औचित्य है? क्या बैकलॉग के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु सरकार विशेष अभियान चला कर नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>22.08.2017 | *10. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों के रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्य योजना तैयार की गयी है? मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राजकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के कुल कितने पदों पर अध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो पायी है? क्या सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई चयन आयोग बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>28.08.2017 | *11. | क्या सहकारिता मंत्री अवगत करायेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में सहकारिता अधिनियम 2003 के तहत कुल कितनी समितियां पंजीकृत है? क्या यह भी सत्य है कि पंजीकृत समितियां अपने उद्देश्य के तहत सकिय है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक कुल कितनी समितियां सक्रिय व कितनी निष्कीय है? निष्कीय समितियों के पंजीकरण को निरस्त करने के लिए सरकार की क्या कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |

शिक्षा

श्री देशराज कर्णवाल 20.09.2017

*12. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त ।

क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश के सभी पर्वतीय जिलों के इण्टर कालेजों व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण वहां शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है? क्या सरकार शिक्षकों की कमी और शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए कोई कार्य प्रणाली अपना रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस कार्य प्रणाली का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

सहकारिता

श्री धन सिंह नेगी 07.09.2017

*13. क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य में पैक्स सोसाईटी में सचिव सेवानिवृति के बाद भी संविदा पर लिये जा रहे है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक कितने पद पैक्स समितियों में सचिवों के खाली है तथा क्या सरकार उन पदों को संविदा के आधार पर भरने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

सहकारिता

काजी निजामुद्दीन

श्रीमती ममता राकेश 07.09.2017

*14. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण की सेवा शर्तों के बारे में विनियम 2016 के प्रारूप पर, "रूल्स ऑफ बिजनेस" की अपेक्षाओं के अन्तर्गत शासन के वित्त, न्याय तथा विधायी विभागों की सहमति प्राप्त की गई? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपयुक्त विभागों की सहमति के उद्धरण सहमति प्रदान करने की तिथि सहित सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

सहकारिता

काजी निजामुद्दीन

श्रीमती ममता राकेश 07.09.2017

*15. क्या विधान सभा के प्रथम सत्र 2016 (दिनांक 21 जुलाई 2016) के लिए निर्धारित अल्पसूचित प्रश्न संख्या--01 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण की सेवा शर्तों के बारे में विनियम 2016 में नियम 04–क किस तिथि को समावेशित किया गया क्यों कि 23 मई, 2016 को संख्या 573/XIV–1/2015–09(2)/2013 के अन्तर्गत अधिसूचित सरकारी गजट में नियम 04–क का कोई उल्लेख ही नहीं है? क्या विभाग द्वारा बनायी गयी विधियों के सन्दर्भ में कमांकन 04--क तथा 04 (क) का अर्थ समान है? यदि नहीं, तो विधान सभा के पटल पर दिग्भ्रमित करने वाली सूचना देने के लिए दोषी कौन है तथा उसके विरूद्ध क्या कार्यवाही की जायेगी?

सहकारिता

काजी निजामुद्दीन

श्रीमती ममता राकेश 07.09.2017

*16. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि निबन्धक, सहकारी समितियां के अधीन, एम0डी0सी0ओ0 तथा जिला सहायक निबन्धक स्तर के कौन–कौन अधिकारी अपनी मूल तैनाती के समय से दस के समय से दस वर्षो की अवधि से देहरादून जनपद में ही तैनात है क्या मंत्री जी ऐसे अधिकारियों की तैनाती के औचित्य की परीक्षण कर गुणावगुण के आधार पर कार्यवाही करेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश सिंह<br>1.08.2017 | 1. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र धारचूला में इण्टरमीडिएट, हाईस्कूल एवं प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों के आधे से अधिक पद रिक्त है? यदि हां, तो सरकार द्वारा कब तक विद्यालयों में रिक्त पदों पर प्रधानाचार्यों/अध्यापकों की तैनाती की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती ममता राकेश<br>1.08.2017 | 2. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि वर्ष 2005 से प्राथमिक शिक्षकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए बी0एड0 अभ्यर्थियों को विशिष्ठ बी0टी0सी0 में समायोजित करते हुए भर्ती होती रही है परन्तु वर्ष 2011 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शिक्षकों की भर्ती में शिक्षक पात्रता अनिवार्य कर दी जिस आधार पर 2011, 2013, 2014, 2016 में चार बैच भर्ती हो चुके है? क्या उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 05 मार्च, 2016 को शासनादेश जारी कर अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के अभ्यर्थियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में पिछड़ी जाति से अलग रखते हुए अन्य प्रान्तों की भांति 10 प्रतिशत की छूट देकर शिक्षक पात्रता परीक्षा में 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण माना है परन्तु इसी दिनांक में शासनादेश में लिख दिया गया है कि 31 मार्च, 2016 के बाद कोई भी बी0एड0 धारक प्राथमिक शिक्षा भर्ती हेतु पात्र नहीं होगा? क्या यह सत्य है कि अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के 542 बैक लॉग के पदों को डी0एल0एड0 के अभ्यर्थियों से भरा जा रहा है, और कहा गया है कि अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण एवं शिक्षक की कमी को देखते हुए उपरोक्त बैक लॉग को सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों से भरा जा रहा है? क्या सरकार अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा करते हुए इन्हें अन्तिम अवसर प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.08.2017 | 3. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के सीमांत गांव अलावलपुर में इण्टर कालेज न होने से स्थानीय छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पडता है? यदि हां, तो क्या सरकार अलावलपुर में राजकीय इण्टर कालेज खोलेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>2.08.2017 | 4. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में खेल संघों का गठन राज्य की संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार हो गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक किन–किन खेलों के संघ गठित हो गये है तथा उत्तराखण्ड राज्य में किकेट के खिलाड़ियों के लिए गठित किकेट एसोसियशन को बी0सी0सी0आई0 से मान्यता के लिए अभी तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सहदेव पुण्डीर<br>02.08.2017 | 5. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा सहसपुर के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय इण्टर कॉलेज सहसपुर में विज्ञान संकाय की कक्षाऐं सुचारू रूप से संचालित कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति की कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हॉ, तो कब तक वित्तीय स्वीकृति मिल जायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री सहदेव पुण्डीर<br>02.08.2017 | 6. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून की विधान सभा सहसपुर के अन्तर्गत श्री देव सुमन विश्वविद्यालय का एक अतिरिक्त परिसर एवं संघटक महाविद्यालय स्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी? क्या विश्वविद्यालय के निर्माण किये जाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03.08.2017 | 7. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अपवंचित व कमजोर वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीट सरकार द्वारा आरक्षित करवायी गई थी और उनकी प्रतिपूर्ति की धनराशि का भुगतान वर्ष 2014 तक का ही किया गया है? क्या यह सत्य है कि वर्ष 2015–16 में केवल 80 प्रतिशत धनराशि का भुगतान ऐसे विद्यालयों को हो पाया है जबकि 2016–17 की प्रतिपूर्ति धनराशि का पूरा भुगतान होना शेष है? यदि हां, तो प्रतिपूर्ति धनराशि का भुगतान कब तक कराया लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिह पंवार<br>03.08.2017 | 8. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत है कि दिनांक 22.06.2017 को बी0डी0सी0 (क्षेत्र विकास समिति) विकास खण्ड थौलधार जनपद टिहरी गढ़वाल की बैठक आहूत की गई थी? क्या मंत्री जी को जानकारी है कि उक्त बैठक में विभिनन विभागों के जिलास्तरीय सक्षम अधिकारियों ने भाग नहीं लिया? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वे कौन–कौन से अधिकारी है और ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>03.08.2017 | 9. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत करायेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के पहाड़ी जिलों में स्टेडियम बनाये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत लामरीधार व बादशाहीथौल चम्बा में निर्मित लघु स्टेडियमों को राज्य सरकार बजट प्राविधान कर इनको उच्चीकृत करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>03.08.2017 | 10. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त ।**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हो चुका है अथवा नहीं? यदि हां तो कब से तथा जनपद/विद्यालयवार उक्त अधिनियम के लागू होने से अब तक अध्ययनरत छात्रों की वर्षवार सूची एवं किन विद्यालयों में इसका पालन हो रहा है तथा किन–किन विद्यालयों में नही? क्या मंत्री विद्यालय में अधिनियम के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र–छात्राओं एवं उनके पिता/अभिभावकों के पते आय प्रमाण पत्र तथा बी0पी0एल0 प्रमाण पत्रों की सम्पूर्ण जानकारी/प्रतियां उपलब्ध करायेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>04.08.2017 | 11. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरीको नियमतः संचालित करने का विचार कर रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उनकी विधान सभा के अन्तर्गत श्रीदेव सुमन राज्य विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरीका प्रशासनिक ढॉचा स्वीकृत हो गया है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त विश्वविद्यालय के अन्तर्गत खेले जाने वाले कैंम्पस कालेजों के बारे में निर्णय हो गया है? यदि हां, तो चम्बा स्थित कैंम्पस कालेज कब तक खोला जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री राजेश शुक्ला<br>04.08.2017 | 12. | **प्रथम शुकवार के अतारांकित–80 में स्थानान्तरित**<br>क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति के पद पर चयन कब तक किया जायेगा? क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि कार्य वाहक कुलपति को एक सेवा विस्तार दिया जा चुका है तथा इस कार्यकाल के पूरा होने के बाद विश्वविद्यालय के नियमानुसार उन्हें नया सेवा विस्तार नहीं दिया जा सकता? यदि हां तो क्या सरकार कार्यवाहक कुलपति के कार्यकाल के समाप्त होने के पूर्व स्थायी कुलपति का चयन करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री राजेश शुक्ला<br>04.08.2017 | 13. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि किच्छा के लिए स्वीकृत रा0स्नातकोत्तर महाविद्यालय को स्थापित करने के लिए भूमि का चयन हो गया है? यदि हां, तो उक्त भूमि का खसरा नम्बर व स्थान बताने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्या सरकार जिला प्रशासन से भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br><br>08.08.2017 | 14. | क्या खेल मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी में निर्माणाधीन खेल मैदान की आर0सी0सी0 दीवार ढहने से मैदान का मलवा आवासीय बस्ती में घुसने पर कई आवासीय भवनों को क्षति हुई है और आज भी खतरा बना हुआ है? क्या मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उपजिलाधिकारी पोखरी के पत्रांक संख्या 789/ना0ना0–विविध (2015–16) दिनांक 15 जुलाई 2016 के तहत निर्माणाधीन खेल मैदान की गुणवत्ता की संयुक्त तकनीकी जांच कराने के लिए पत्र दिया गया था? यदि हां, तो तत्सम्बन्धी क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br><br>08.08.2017 | 15. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के रा0इ0का0 निजमूला में प्रधानाचार्य सहित कुल कितने प्रवक्ताओं के पद रिक्त है? क्या सरकार यथाशीघ्र रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री महेश नेगी<br><br>08.08.2017 | 16. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद–अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के अन्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय–द्वाराहाट में एम0एस0सी0 की कक्षायें शुरू करने हेतु सरकार द्वारा पूर्व में कोई घोषणा की गई है? यदि हां, तो बच्चों के भविष्य को देखते हुए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट में शीघ्र कक्षायें संचालित करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री धन सिंह नेगी<br><br>09.08.2017 | 17. | क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि टिहरी गढ़वाल दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ लि0 नई टिहरी के प्रशासनिक भवन व स्टाफ क्वार्टस के लिए सरकार द्वारा धनराशि स्वीकृत है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त स्वीकृत धनराशि से अभी तक कितनी धनराशि खर्च की गयी व अवशेष कार्य पर सरकार कब तक निर्माण प्रारम्भ करवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **दुग्ध विकास** |
| श्री महेश नेगी<br><br>09.08.2017 | 18. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद अल्मोड़ा की द्वाराहाट विधान सभा के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय मासी वर्ष 2014 से संचालित हो रहा है, जिसमें वर्तमान समय तक शिक्षण के लिए न भवन का निर्माण हो पाया है, न किसी प्रकार की विद्युत व्यवस्था है? क्या सरकार छात्रों के हित को दृष्टिगत रखते हुए राजकीय महाविद्यालय मासी में भवन निर्माण व विद्युत व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br><br>10.08.2017 | 19. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत स्थित राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ तथा राजकीय महाविद्यालय कमांद में प्रवक्ता के कुल कितने पद स्वीकृत है एवं वर्तमान सत्र में कुल कितने प्रवक्ता इन महाविद्यालयों में कार्यरत है? शेष पदों पर कब तक तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.08.2017 | 20. | क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा युवक मंगल दलों व महिला मंगल दलों को सुदृढ़ीकरण हेतु श्रेष्ठता व कार्यों के आधार पर प्रोत्साहन स्वरूप सामग्री दी जाती है? क्या यह सत्य है कि दी गई सामग्री की गुणवत्ता व मूल्य में भारी अंतर की शिकायतें युवक व मंगलदलों द्वारा की गई या की जाती रही है? क्या सरकार प्रोत्साहन सामग्री दिये जाने के स्थान पर सीधे इन युवक मंगल दलों व महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सहायता राशि दिये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.08.2017 | 21. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भोजनमाताओं की कुल संख्या क्या है और वर्तमान में उन्हें प्रतिमाह कुल कितना मानदेय दिया जा रहा है? क्या सरकार उनके मानदेय में वृद्धि करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>11.08.2017 | 22. | क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विधान सभा के सभी विकास खण्डों के प्राथमिक विद्यालयों, जूनियर हाईस्कूल तथा रा0इ0कालेजों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के कितने पद रिक्त है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त विद्यालयों में रिक्त पद भरे जाने की प्रकिया कब तक पूर्ण हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>11.08.2017 | 23. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि विभिन्न विद्यालयों के नामों को तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों अमर शहीदों के नामों विभिन्न विद्यालयों के नाम में परिवर्तित कराये जाने के प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत रा0इ0का0 नागदेव पथल्ड का नाम अमर शहीद सोहन लाल सेमवाल के नाम में परिवर्तित कराने का प्रस्ताव है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.08.2017 | 24. | क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे खेल प्रतिभागी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है? क्या सरकार इन प्रतिभाओं के प्रोत्साहन हेतु खेल विभाग खेल किट एवं ग्रामीण स्तर पर कोचिंग की व्यवस्था कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.08.2017 | 25. | क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश के राजकीय इण्टर मीडिएट कालेजों में जूनियर हाईस्कूलों से एल0टी0में समायोजन किया गया था? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक कितने अध्यापक/अध्यापिकायें जूनियर हाईस्कूलों से एल0टी0 में समायोजित हुये है? क्या यह सत्य है कि ऐसे समायोजित शिक्षकों को चयनित वेतनमान दिये जाने का सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

पाण

| | | |
|---|---|---|
| करन माहरा<br>17.08.2017 | 26. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रानीखेत के जयदत्त वैला महाविद्यालय में वर्तमान में कितने पद सृजित है और उनके सापेक्ष कितने पद रिक्त है? क्या उन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री करन माहरा<br>17.08.2017 | 27. क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि रानीखेत विधान सभा क्षेत्र में को–ऑपरेटिव ड्रग फैक्टरी रानीखेत के भवन की स्थिति बहुत जर्जर है एवं कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने की संभावना निरन्तर बनी हुई है? क्या सरकार इस भवन के पुर्न निर्माण परर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>18.08.2017 | 28. **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त ।**<br>क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में प्रशिक्षित गुरिल्लाओं की कुल कितनी संख्या है? क्या राज्य सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में इनके प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए राज्य के सुरक्षा सम्बन्धी विभागों में सेवा लेने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री करन माहरा<br>18.08.2017 | 29. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में शिक्षकों की कमी को देखते हुए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी? वर्तमान में इन अतिथि शिक्षकों को उनके पदों से निलंबित कर दिया गया है? यदि हां, तो सरकार इन अतिथि शिक्षकों को पुनः नियुक्ति कब तक प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.08.2017 | 30. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को सेवानिवृत्ति से पूर्व दिये जाने वाले सत्रान्त लाभ को स्वतः सत्रान्त लाभ में परिवर्तित करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.08.2017 | 31. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा कितने मिनी–स्टेडियम का निर्माण किया गया है तथा झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में मिनी–स्टेडियम के निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.08.2017 | 32. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम विकास अधिकारी पदों की नियुक्ति प्रकिया जो जांच के कारण रोक दी गयी थी इन पदों पर सरकार पुरानी चयन प्रकिया को पुनः शुरू कर रही है अथवा पूरी प्रकिया को निरस्त करके नयी चयन प्रकिया शुरू कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>21.08.2017 | 33. क्या उच्च शिक्षा बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कुल कितने महाविद्यालयों में वर्तमान में स्व वित्त पोषित बी0एड0 पाठयक्रम संचालित है? क्या सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना बनायी जा रही है कि राजकीय महाविद्यालयों में संचालित स्व वित्त पोषित बी0एड0 राज्य वित्त में सम्मिलित हो सकें? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री करन माहरा<br>21.08.2017 | 34. | क्या खेल मंत्री अवगत है कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान अल्मोड़ा में हुई कैबनेट बैठक में रानीखेत में स्टेडियम निर्माण का फैसला लिया गया था? क्या सरकार इसका निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>22.08.2017 | 35. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि वर्ष 2012 से सर्व शिक्षा के अन्तर्गत कार्यरत अध्यापकों के समय पर वेतन नहीं दिये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार द्वारा इन्हें समय पर वेतन मिलें इसके लिए कोई योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री विनोद कण्डारी<br>23.08.2017 | 36. | क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या विधान सभा देवप्रयाग के विकास खण्ड देवप्रयाग के अन्तर्गत ग्राम नैखरी (चन्द्रबदनी) में मिनी स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>24.08.2017 | 37. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि हे0न0ब0वि0गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय में लम्बे समय से कार्यरत अंशकालिक शिक्षकों का श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों में संविदा पर लिया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि हे0न0ब0वि0गढ़वाल विश्वविद्यालय के परिसरों, बादशाहीथौल टिहरी, पौड़ी, बिडला कैम्पस श्रीनगर (गढ़वाल) में वर्ष 2009 के बाद कार्यरत अंशकालिक शिक्षकों को भी राजकीय महाविद्यालयों में संविदा पर लेने का सरकार क्या विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.08.2017 | 38. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में सर्व शिक्षा अभियान परियोजना अन्तर्गत वर्ष 2016–17 व 2017–18 में किन–किन नवीन प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों भवनों का निर्माण, पुर्ननिर्माण, पेयजल व्यवस्था, बालिका शौचालय, अतिरिक्त कक्षा–कक्ष, चाहारदीवारी, रैम्प रैलिंग व विद्युतीकरण आदि कार्य कराये जा रहे है अथवा कराये जाने प्रस्तावित किये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.08.2017 | 39. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रत्येक 200 की आबादी वाली असेवित बस्तियों में जहां पर 01 किमी0 की परिधि में कोई विद्यालयी सुविधा नहीं है, ऐसी बस्तियों में नवीन प्राथमिक विद्यालय खाले जाते है? यदि हां, तो क्या विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के पट्टी सकलाना के ग्राम सिहला में नवीन प्राथमिक विद्यालय खोला जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.08.2017 | 40. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण उत्तराखण्ड के अन्तर्गत साक्षर भारत कार्यक्रम आच्छादित जनपद उत्तरकाशी, टिहरी, हरिद्वार, उधमसिंहनगर, बागेश्वर एवं चम्पावत के 35 विकासखण्डों में कार्यरत शिक्षा प्रेरक अपनी दो सूत्रीय मांग को लेकर आन्दोलित है? क्या सरकार इन शिक्षा प्रेरकों की न्यायोचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्ण विचार कर न्याय दिलायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.08.2017 | 41. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी ग्रामीण क्षेत्र में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आई0सी0टी0 स्कूल्स योजनान्तर्गत आच्छादित किया गया है? क्या सरकार इस महत्वाकांक्षी योजना से सभी विद्यालयों को आच्छादित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.08.2017 | 42. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2016--17 में शाला त्यागी बच्चों की संख्या जनपदवार क्या थी? विभाग के द्वारा शालात्यागी बच्चों को पुनः उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए क्या उपाय किये गये? शालात्यागी बच्चों में से कितने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया और उनमें से कुल कितने बच्चे अध्ययनरत हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>28.08.2017 | 43. | क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि जिला सहकारी बैंकों में कार्यरत कर्मचारी अधिकारियों को बैंक द्वारा दो माह के वेतन के बराबर अनुग्रह राशि एवं एक माह के वेतन के बराबर लेखाबंदी भत्ता दिया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि जिला सहकारी बैंकों में कार्यरत कर्मियों पर वर्ष में कितने माह व कितनी धनराशि इस पर व्यय की जाती है? क्या यह भी सत्य है कि जिला सहकारी बैकों में स्टाफिंग पैटर्न के आधार पर पदों का सृजन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री धन सिंह नेगी<br>28.08.2017 | 44. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि श्री देव सुमन राज्य विश्व विद्यालय बादशाही थौल चम्बा के कैम्पस कालेज चम्बा में खोलने की कार्यवाही की जा रही है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विश्वविद्यालय का कैंम्पस कालेज बादशाही थौल में कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.08.2017 | 45. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के कुल कितने विद्यार्थी वर्तमान में जनपदवार अध्ययन कर रहे हैं? जिन स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत पूरे दाखिले नहीं हुए है उस पर सरकार क्या कोई योजना बना रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.08.2017 | 46. | क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में सरकार द्वारा आरक्षण व्यवस्था व क्षेत्र परिसीमन किस शासनादेश के अनुरूप किया जा रहा है? क्या सरकार द्वारा उसमें सवैंधानिक आरक्षण व्यवस्था लागू की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 31.08.2017 | 47. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में शिक्षकों के पारस्परिक स्थानान्तरण प्रकिया पर कोई रोक लगायी गई है? क्या सरकार बतायेगी कि पारस्परिक स्थानान्तरण से किसी प्रकार की समस्या न होने से पारस्परिक स्थानान्तरण किये जा सकेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 31.08.2017 | 48. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सर्व शिक्षा अभियान परियोजना अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में जनपदवार निर्माण कार्यों का लक्ष्य का निर्धारण क्या था? उनमें से जनपद टिहरी गढवाल में निर्माण कार्यों का लक्ष्य क्या था? कितने निर्माणाधीन है, कितने पूर्ण हो चुके है और कितने निर्माण कार्य अनारम्भ है? अनारम्भ व निर्माणाधीन कार्यों को कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 31.08.2017 | 49. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ग्रामीण कृषकों को साधन सहकारी समितियों के माध्यम से दिये जाने वाले अल्पकालीन व अध्यकालीन कृषि ऋणों की ऋण सीमा को परिमार्जित कर बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 31.08.2017 | 50. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में 15 से 35 आयुवर्ग के युवाओं के कल्याण के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या कार्यक्रम व योजनायें चलायी जा रही है? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य में युवा नीति बना ली गई है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री धन सिंह नेगी 04.09.2017 | 51. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य में सर्व शिक्षा अभियान एवं डायट–जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अलग–अलग कार्यरत है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि इन दोनों अभियान का कार्य विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत लिये गये शिक्षकों को विद्यालयों से लिया गया है तथा इनसे विद्यालयों का शिक्षण कार्य बाधित रहता है? यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में सर्व शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत जिला समन्वयकों राज्य समन्यकों को डायट से लेने का विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री धन सिंह नेगी 04.09.2017 | 52. क्या सहकारिता मंत्री अवगत है कि राज्य स्तर पर पैक्स समितियों के सुदृढीकरण के लिए सरकार ने राज्य कैडर फण्ड की व्यवस्था की थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे राज्य कैडर फण्ड में प्रति जनपद को कितनी धनराशि जमा करनी थी तथा अभी तक कितनी धनराशि उक्त मद में जमा है? क्या यह भी सत्य है कि पैक्स समितियों के सचिवों को वेतन मद में जिला योजना से धनराशि दिये जाने का प्राविधान है तथा उनकी वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए सरकार स्थायी समाधान के लिए कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>04.09.2017 | 53. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य में एस0सी0ई0आर0टी0 एवं एस0आई0ई0एम0ए0टी0 अलग–अलग संस्थान कार्यरत है? यदि हां, तो क्या शिक्षा मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि इन दोनों संस्थानों का कार्य विवरण क्या है? क्या सरकार का इन संस्थानों का एकीकरण करने का प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>04.09.2017 | 54. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में ऐसे कितने विद्यालय है, जिनमें प्रवक्ता न होने के कारण इण्टर की कक्षाओं का संचालन (पठन–पाठन) कार्य बन्द हो गया है? यदि हां तो क्या यह सत्य है कि जनपद चमोली के सबसे सुदूर पिछड़े क्षेत्र के रा0इ0का0 नैल (गैरसैंण) में प्रवक्ता न होने के कारण इण्टर विज्ञान की कक्षायें बन्द हो गयी है? क्यों कि यहां से स्थानान्तरित सभी प्रवक्ताओं का नियम विरूद्ध एक साथ कार्यमुक्त किया गया? यदि हां, तो इसके लिए कौन दोषी है? क्या सरकार दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी एवं विज्ञान कक्षाओं को तत्काल प्रारम्भ कराने की व्यवस्था करेगी? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>05.09.2017 | 55. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि वर्ष 2011 में प्रदेश में हाईस्कूल से इण्टर तक उच्चीकृत हुये? विद्यालयों की संख्या क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि राजकीय इण्टर कालेज हरगढ़ आगस्वट्टी, बरतोली तथा राजकीय कन्या इण्टर कालेज गैरसैण जिला चमोली में मानकानुसार क्या सभी पद सृजित है? यदि नहीं, तो क्या सरकार पद सृजित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.09.2017 | 56. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अशासकीय विद्यालयों में प्रवक्ता एल0टी0 की कितनी रिक्तिया है और इन रिक्तियों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या योजना बनायी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.09.2017 | 57. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश के शिक्षा विभाग में पिछले 17 वर्षों से जो शिक्षक शिक्षा मित्र के रूप में कार्य कर रहे है उन्हें सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित करने की सरकार द्वारा क्या योजना बनायी जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.09.2017 | 58. **तृतीय सोमवार के अतारांकित 83 में स्थानान्तरित**<br>क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार व विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के विभिन्न ग्रामों में कुल कितने तालाब है? प्रत्येक तालाब का क्षेत्रफल कितना है? इन तालाबों के सौन्दर्यकरण के लिए सरकार क्या योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायतीराज |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.09.2017 | 59. **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित 12 में स्थानान्तरित**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि वर्तमान में जनपद हरिद्वार के मक्खनपुर भगवानपुर में आर्दश आवासीय विद्यालय मक्खनपुर किराये के भवन में संचालित हो रहा है जिसमें 120 छात्र/छात्राऐं अध्ययन कर रहे है जिन्हें पढ़ाने के लिए केवल चार शिक्षक है, पधानार्चा का पद रिक्त है व विद्यालय विभिन्न प्रकार के मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है जिसके कारण विद्यालय में अध्ययन कर रहे सभी विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा विद्यालय के भवन निर्माण, शिक्षकों, प्रधानाचार्य की नियुक्ति व अन्य आधारभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई योजना बनायी जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.09.2017 | 60. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि टिहरी गढ़वाल दुग्ध सहकारी संघ लि0 नई टिहरी के लिए प्रशासनिक भवन व स्टाफ क्वार्टस हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त स्वीकृत धनराशि के तहत अभी तक कितना कार्य हुआ है तथा अभी तक कितनी धनराशि खर्च होनी बाकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **दुग्ध विकास** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.09.2017 | 61. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार के कालेजों में भवन निर्माण करने की सरकार की योजना है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उनकी विधान सभा के अन्तर्गत राजकीय पी0जी0 कालेज नई टिहरी के लिए जमीन व भवन निर्माण के लिए सरकार विचार कर रही है?यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.09.2017 | 62. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम डेलना में राजकीय हाईस्कूल में केवल चार ही कक्ष है व विद्यार्थियों की संख्या अधिक है जिसके कारण विद्यार्थियों व अध्यापकों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्या राजकीय हाईस्कूल डेलना में कक्ष निर्माण की सरकार कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री धन सिंह नेगी<br>18.09.2017 | 63. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश में राजकीय विद्यालयों में कीडा शुल्क के रूप में छात्रों से शुल्क लिया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में कीडा शुल्क के रूप में कितनी धनराशि ली जा रही है? क्या सरकार खेलकूद प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए माध्यमिक विद्यालयों के लिए बजट का प्राविधान कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>19.09.2017 | 64. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि बडत्रमा दिग्धार जिला रूद्रप्रयाग में प्रदेश का दूसरा सैनिक स्कूल निर्माणाधीन है, जिसका कार्य अभी तक ठप्प पड़ा हुआ है? क्या सरकार इसका निर्माण प्रारम्भ करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>19.09.2017 | 65. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने संस्कृत महाविद्यालय संचालित है तथा विद्यालयवार स्वीकृत अध्यापकों के पदों की संख्या क्या है एवं स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने अध्यापक कार्यरत है? क्या अलग–अलग विद्यालयों में पदों की सृजित संख्या भिन्न–भिन्न है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि रिक्त पदों को भरने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **संस्कृत शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>19.09.2017 | 66. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश में बेसिक व माध्यमिक शिक्षकों का सम्बद्धीकरण किया गया है? यदि हां, तो जिन विद्यालयों के शिक्षकों का सम्बद्धीकरण किया गया है वहां पर शिक्षण कार्य के लिए क्या व्यवस्था की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 19.09.2017 | 67. | **विस्तीर्णता एवं एक से अधिक विभाग होने के कारण निरस्त** क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दैवीय आपदा से बचने के लिए प्रशिक्षित गुरिल्लाओं की संख्या कितनी है? सरकार गुरिल्लओं की संख्या में वृद्धि करने के लिए क्या योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री धन सिंह नेगी 20.09.2017 | 68. | क्या पंचायती राज मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य में क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत का गठन पंचायती राज व्यवस्था के तहत 73वें संविधान संशोधन के द्वारा किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार पंचायतों को 73 वें संविधान संशोधन के तहत आवश्यक अधिकार देने का विचार कर रही है? क्या यह भी सत्य है कि वर्तमान समय के ब्लॉक प्रमुखों व अध्यक्ष जिला पंचायतों के चुनाव सीधे जनता द्वारा कराये जाने का सरकार का प्रस्ताव है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |
| श्री महेन्द्र भट्ट 20.09.2017 | 69. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के दशोली विकास खण्ड के रा0इ0का0 सॉवरीसैण का भवन वर्तमान में जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है? क्या सरकार उक्त कालेज को इण्टर स्तर का भवन निर्माण करने के लिए धनराशि देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| हाजी फुरकान अहमद 20.09.2017 | 70. | क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय इण्टर कालेजों एवं राजकीय हाई स्कूलों में प्रवक्ता एवं सह0अ0एल0टी0 के कितने पद रिक्त हैं? उन सबका विवरण क्या है? क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| हाजी फुरकान अहमद 20.09.2017 | 71. | क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय इण्टर कालेजों में प्रवक्ता के कितने पद रिक्त है? उन सबका विवरण क्या है? क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| हाजी फुरकान अहमद 20.09.2017 | 72. | क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कितने शिक्षकों के पद सृजित किये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री भरत सिंह चौधरी 20.09.2017 | 73. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि सार्वजनिक विद्यालयों में लगातार छात्र–छात्राओं की संख्या में कमी आना एक चिन्ता का विषय बन चुका है, इस समस्यों के मध्यनजर सरकारी स्कूलों में आधुनिक/तकनीकी शिक्षा का समायोजन करने के साथ–साथ शिक्षा के स्तर को सुधारने हेतु सरकार की क्या योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल 20.09.2017 | 74. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद से अब तक जनपदवार प्राइवेट/संस्थागत विद्यालयों में कितने व किन–किन विद्यालयों में इस अधिनियम का पालन हो रहा है? यदि नही, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 20.09.2017 | 75. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या शिक्षा मंत्री शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से अब तक जनपदवार प्राइवेट/संस्थागत विद्यालयों में अनु0जाति/अनु0जनजाति के अध्ययनरत छात्रों की सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री महेन्द्र भट्ट 25.09.2017 | 76. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के वि0ख0 जोशीमठ के अन्तर्गत रा0 हाईस्कूल जखोला का उच्चीकरण इण्टर स्तर पर कर दिया गया है? यदि हां, तो इण्टर स्तर पर कक्षाऐं प्रारम्भ कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री प्रीतम सिंह 26.09.2017 | 77. | उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या राजकीय महाविद्यालय त्यूनी में प्रधानाचार्य व अन्य प्राचार्यो की नियुक्ति ना होने से क्या छात्र कार्मिक अनशन पर बैठे है? यदि हां, तो कब से? कार्मिक अनशन को समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या कोई कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो क्या? क्या सरकार महाविद्यालय में प्रधानाचार्य व प्राचार्यो की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री यतीश्वरानन्द 03.10.2017 | 78. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री जी अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र स्थित लाल ढांग क्षेत्र शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूरी पर पड़ता है? क्या यह सत्य है कि वनाच्छादित एवं विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहाँ के निवासियों को इंटरमीडिएट के बाद आगे की शिक्षा के लिए प्रतिदिन शहर जाना पड़ता है जिससे इस क्षेत्र में शैक्षिक स्तर बढ़ाने में गम्भीर कठिनाई हो रही हैं? यदि हॉ तो क्या सरकार लाल ढांग क्षेत्र में कोई डिग्री कॉलेज खोलने पर विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नही तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री यतीश्वरानन्द 04.10.2017 | 79. | क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के विस्तृत भू-भाग में कोई भी स्पोर्ट्स स्टेडियम नही है जिससे इस क्षेत्र की खेल-प्रतिभाएं सुविधाए और अवसरों के अभाव में असमानता का शिकार है? यदि हॉ तो क्या जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्र में कोई सुसज्जित स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाने की योजना है? यदि नही तो क्यों? | **खेल** |
| श्री यतीश्वरानन्द 06.10.2017 | 80. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार प्रत्येक विद्यालय में योग-शिक्षा को अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल 06.10.2017 | 81. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के सरकारी स्कूलों विशेषकर मैदानी क्षेत्रों में विद्यार्थियों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती चली जा रही है, साथ ही निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ रही है? क्या इसका एक कारण निजी स्कूलों की बेहतर शिक्षा प्रणाली है? यदि हॉ तो क्या शिक्षा प्रणाली को सुधारने एवं शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण देने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना प्रगति में है? यदि नही तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 06.10.2017 | 82. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2005 में माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पारित किया गया है कि सरकारी कोष से वेतनभोगी सभी नौकरशाह अपने आश्रितों व बच्चों को अनिवार्य रूप से केवल सरकारी विद्यालय/संस्थान में ही अध्ययन कराऐगें? यदी हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री यतीश्वरानन्द 09.10.2017 | 83. **द्वितीय बुधवार के अतारांकित33 में स्थानान्तरित** क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या देवभूमि उत्तराखण्ड में ग्राम पंचायत स्तर पर योग को बढ़ावा देने की कोई कार्ययोजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायती राज** |
| श्री धन सिंह नेगी 09.10.2017 | 84. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य में दुग्ध संघो को परिवहन अनुदान दिया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक सरकार ने उक्त मद में कितनी धनराशि अवमुक्त है? क्या यह भी सत्य है कि परिवहन मद अनुदान की व्यवस्था विभाग के राज्य सेक्टर में की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **दुग्ध विकास** |
| श्री देशराज कर्णवाल 10.10.2017 | 85. क्या युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में पीआरडी जवानों की मांगों जैसे प्रशिक्षित जवानों को 365 दिन के नियमित रोजगार के साथ ड्यूटी पर लगाना, इपीएफ का लाभ देना इत्यादि के विषय में सरकार द्वारा क्या–क्या कार्यवाही की गई है, और इस संबंध में क्या कार्य प्रणाली अपनाई जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 12.10.2017 | 86. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत के विकास खण्ड लोहाघाट में नेपाल सीमा पर स्थित मडलक क्षेत्र में क्षेत्रवासी मडलक में कन्या हाईस्कूल खोले जाने की मांग लम्बे समय से करते आ रहे है? क्या सरकार मडलक में कन्या हाईस्कूल की स्थापना करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 13.10.2017 | 87. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद –चम्पावत में नेपाल सीमा पर स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुँगराबोरा के उच्चीकरण की मांग स्थानीय नागरिकों के द्वारा की जा रही है? क्या सरकार उक्त विद्यालय का उच्चीकरण करेगी?यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 13.10.2017 | 88. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोहाघाट में विधि महाविद्यालय की स्थापना किये जाने हेतु स्थानीय जनता एवं युवाओं द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है? क्या सरकार लोहाघाट में विधि महाविद्यालय की स्थापना करने का विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 13.10.2017 | 89. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के गठन से अब तक जनपदवार विशेष आवश्यकता वाले कितने बच्चों को अनुरक्षक एवं परिवहन भत्ता से लाभान्वित किया गया है? विशेष आवश्यकता वाले प्रति बच्चे को कितना अनुरक्षण एवं परिवहन भत्ता देय है? प्रत्येक बच्चे को अनुरक्षक एवं परिवहन भत्ते का लाभ मिल सके, इस संबंध में सरकार क्या योजना चला रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 13.10.2017 | 90. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में शिक्षकों के स्थानान्तरण की नियमावली क्या है? नियमों के अनुसार या बिना नियम के कितने स्थानान्तरण राज्य निर्माण से अब तक किए गये है? क्या नियमों के विपरीत किए गए स्थानान्तरण निरस्त किए जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री फुरकान अहमद 13.10.2017 | 91. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माह सितम्बर, 2017 में अधिसूचित सहकारी समितियों जिनको परिसमापित (लिक्वीडेशन) किए जाने की घोषणा की गयी है, में देहरादून जनपद की एंग्लो इण्डियन आवास सहकारी समिति, क्लेमनटाउन तथा जनपद उधमसिंहनगर की सेप्ता कृषि सहकारी समिति को सम्मिलित न किए जाने के क्या कारण है? क्या उक्त दोनों समितियों के परिसमापन (लिक्वीडेशन) की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों और कब तक उक्त समितियों के लिक्वीडेशन की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी? | सहकारिता |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 16.10.2017 | 92. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज खेतीखान में ऑडिटोरियम निर्माण की मांग की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार वहां पर ऑडिटोरियम का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 16.10.2017 | 93. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विद्यालयों में खेल नीति को प्रोत्साहित करने के लिए ब्लॉक/जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है? क्या प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जो धनराशि वितरित की जाती है, वह पर्याप्त है? यदि नहीं तो खेल आयोजन हेतु सरकार क्या धनराशि बढ़ायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 17.10.2017 | 94. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूल व उ0मा0विद्यालय उच्चीकृत किए जा रहे है? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

## नत्थी "घ"

कार्य मंत्रणा समिति ने दिनांक 06 दिसंबर , 2017 की बैठक में दिनांक 07 दिसंबर, 2017 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रुप मे रखे जाने की सिफारिश की है :–

दिसंबर 2017

07 गुरुवार

1– सामान्य कार्य

2– विधायी कार्य –

(1) उत्तराखण्ड आवासीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2017 पर विचार एवं पारण **(15 मिनट)**

(2) लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण विधेयक, 2017 जो प्रवर समिति द्वारा यथा संशोधित किया गया है, पर विचार एवं पारण **(30 मिनट)**

(3) वित्तीय वर्ष 2017–18 की अनुपूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण **(अपराह्न 04:00 बजे)**